फेस पेंटिंग में सेव एन्वायरमेंट का मैसेज फैशन शो में दिखा यूनीक ड्रेस कलेक्शन

IIM में तीन दिनी फेस्ट इक्विनॉक्स 8.0 के पहले दिन हुआ फैशन शो, डांस और फेस पेंटिंग

रायपुर | आईआईएम में शुक्रवार से तीन दिवसीय फेस्ट इक्विनॉक्स 8.0 की शुरूआत हुई। पहले दिन फैशन शो, डांस, फेस पेंटिंग जैसे कई कॉम्पिटीशन में देशभर के मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट से आए स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया। फैशन शो में फ्यूजन का तड़का देखने को मिला। इसमें मिलांज टीम के 13 मेंबर्स ने रैंप वॉक किया। उन्होंने केजुअल और वेस्टर्न का यूनीक कॉम्बिनेशन प्रजेंट किया। फेस पेंटिंग में शेर, चांद, जोकर के साथ कई जानवरों के पेंटिंग बनाई

और पर्यावरण के दर्द को दिखाते हुए इसे बचाने का मैसेज भी दिया। इसके बाद हिपहॉप और रिमिक्स सॉन्ग्स पर डांस परफॉर्मेंस सेंटर ऑफ अट्रैक्शन रही। आंत्रप्रेन्योरशिप प्रोग्राम में बिग बास्केट के सह-संस्थापक अभिनय चौधरी, साइंजी के संस्थापक अंकित रतन, दिनेश कुमार जैसे कई एक्सपर्टस ने अपने अनुभव भी शेयर किए। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में आईआईएम रायपुर के डायरेक्टर डॉ. भारत भास्कर विशेष रूप से मौजूद रहे।

Dainik Bhaskar 10th March 2018,p.17